हरिभूमि

जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 16 अक्टूबर 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 18.2 डिग्री

4

उद्यानिकी महाविद्यालय कुनकुरी में मना दीक्षारंभ समारोह



खबर संक्षेप

खरीफ एवं रबी फसलों को लेकर संभाग स्तरीय बैठक 22 को

अम्बिकापुर। कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में खरीफ वर्ष 2026 की प्रगति की समीक्षा तथा रबी वर्ष 2026-27 के कार्यक्रम निर्धारण के लिए सरगुजा संभाग स्तरीय बैठक का आयोजन 22 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, अम्बिकापुर में किया जाएगा।

मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 तक

बलरामपुर। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उन प्रतिभावान विद्यार्थियों को तात्कालिक सहायता दी जाएगी, जिन्होंने शिक्षण सत्र 2026-27 में आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू जैसे राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों में अथवा नीट और जेईई के माध्यम से प्रवेश प्राप्त किया है। पात्र विद्यार्थी अपने गृह जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में निर्धारित प्रारूप में 30 अक्टूबर तक ऑफलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं।

साधारण बस में अब प्रथम 5 किमी के लिए 10 रूपए किराया वृद्धि

बलरामपुर। राज्य शासन के परिवहन विभाग ने यात्री बसों के किराए में वृद्धि की है। मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 67(1) के तहत 8 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार नई दरें राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावशील हो गई हैं। यह अधिसूचना 11 मार्च 2025 की पूर्व अधिसूचना को अधिक्रमित करती है और नगर सेवाओं को छोड़कर अन्य प्रक्रम वाहनों पर लागू होगी। जिला परिवहन अधिकारी बलरामपुर-रामानुजगंज ने आम जनता की जानकारी के लिए नई दरों की सूचना जारी की है। वोल्वो, स्कैनिया, मर्सिडीज जैसी सुपर लक्जरी वातानुकूलित सेवाओं से भिन्न बसों में अब साधारण बस सेवा का किराया प्रथम 5 किलोमीटर के लिए 10 रूपए प्रति यात्री तथा इसके बाद 1.75 रुपये प्रति किलोमीटर होगा। साधारण रात्रिकालीन बस सेवा में यह किराया 10 प्रतिशत अधिक रहेगा। डीलक्स बस सेवा, डीलक्स रात्रिकालीन सेवा तथा बिना वातानुकूलन वाली डीलक्स शयनयान एवं अर्द्ध-शयनयान कोच सेवा में प्रथम 5 किलोमीटर के लिए 12 रूपए प्रति यात्री और इसके बाद 2.20 रूपए प्रति किलोमीटर किराया लगेगा। वातानुकूलित डीलक्स शयनयान एवं अर्द्ध-शयनयान कोच सेवा में प्रथम 5 किलोमीटर के लिए 12 रूपए तथा इसके बाद सीट और बर्थ दोनों के लिए 3.20 रूपए प्रति यात्री प्रति किलोमीटर की दर निर्धारित की गई है।

नाराज पत्नी ने किया पति पर चाकू से हमला

अम्बिकापुर। सोने की हार नहीं दिलाने पर नाराज हुई पत्नी ने न सिर्फ पति से विवाद किया बल्कि चाकू से पति के सिर पर पर हमला कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक घड़ी चौक समीप यातायात थाना के पीछे शासकीय क्वाटर में रहने वाले प्रशांत कुमार प्रकाश ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलरामपुर में शिकायत शाखा प्रभारी के पद पर पदस्थ है। 11 अxटूबर को दो दिवस आकस्मिक अवकाश लेकर घड़ी चौक समीप शासकीय क्वाटर आया था। 12 अक्टूबर की रात 8.30 बजे पत्नी प्रियंका प्रकाश उर्फ डाली ने सोने की हार खरीद देने की बात कही। जिस पर पति ने पैसा नहीं होने की बात कही तो पत्नी नाराज हो गई और चाकू से पति के सिर व पैर में हमला कर दिया। इधर घटना को देख परिजन सहित आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पत्नी के विरूद्ध धारा 115(2), 118(1), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

गो तस्करी के खिलाफ कार्रवाई, 10 गोवंशों को कराया मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पुलिस की बढ़ती तत्परता एवं कड़ी कार्रवाई के बावजूद भी जिले में गौवंश तस्करी रुकने का न नहीं ले रही है। हर तस्करी के रास्ते को पुलिस रोक रही है, लेकिन गौवंश तस्कर नया रास्ता निकल कर गौवंश तस्करी करने का असफल प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में 14 अक्टूबर की शाम लगभग 4.30 बजे चौकी मनोरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति मनोरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम मुटू जकबा के जंगल के रास्ते भारी मात्रा में गोवंशों को बेरहमीपूर्वक हांकते हुए झारखंड की ओर ले जा रहे हैं। सूचना पर मनोरा चौकी पुलिस की टीम वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मामले अवगत कराते हुए मुखबिर के बताए ग्राम मुटू जकबा की ओर रवाना हुई। मौके पर जंगल में पुलिस ने देखा कि कुछ व्यक्ति गोवंशों को जल्दी-जल्दी हांक कर ले जा रहे हैं।

ऑपरेशन शंखनाद के तहत पुलिस को बड़ी सफलता

आरोपी तस्कर मूटू जकबा जंगल से फरार, पतासाजी जारी



मामले में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जावेगा

मामले में डी आईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने बताया कि, मनोरा क्षेत्र से 10 गौवंशों को तस्करों के चंगुल से छुड़ाया गया है। आरोपी तस्कर फरार हैं, पुलिस फरार आरोपियों की पतासाजी कर रही है। मामले में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, ऑपरेशन शंखनाद निरंतर जारी है।

जंगल में अंधेरे का फायदा उठा कर तस्कर हुए फरार

मौके पर पुलिस की टीम ने तत्काल घेरा बंदी की, इस दौरान पुलिस की टीम को देख कर संदिग्ध गौ तस्कर, अंधेरे व जंगल का फायदा उठाते हुए गोवंशों को छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से 10 नग गौवंशों को सकुशल बरामद किया और सभी गौवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया। पुलिस की टीम फरार गौ तस्करों की पतासाजी कर रही है, आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले में मनोरा चौकी में छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1961 की धारा 11 (1)(क)(घ) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है। मामले की कार्रवाई व गौवंशों की सकुशल बरामदगी में चौकी प्रभारी मनोरा उप निरीक्षक विवेक कुमार भगत, सहायक उप निरीक्षक, शांति प्रमोद टोप्पो, प्र आरक्षक निर्मल बड़ा, आरक्षक शैलेन्द्र तोमर, व सुधीर मिश्रा की भूमिका रही है।

प्रसिद्ध कलाकारों की धुन पर झूमेगा जशपुर, भव्य आयोजन की तैयारी

गरबा महोत्सव में बेस्ट प्रतिभागियों को मिल रहा पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

श्री नारायण जनकल्याण समिति की ओर से आयोजित जशपुर गरबा महोत्सव 2026 की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। समिति ने बताया कि, महोत्सव के लिए अब तक 800 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है और प्रशिक्षण सफलतापूर्वक जारी है।

देश के प्रसिद्ध एवं जाने-माने कलाकारो की गायन प्रस्तुति

इस वर्ष गरबा महोत्सव का आयोजन और भी भव्य होगा। देश के प्रसिद्ध एवं जाने-माने कलाकार अपनी गायन प्रस्तुति और मधुर धुनों से गरबा प्रेमियों को झूमने पर मजबूर कर देंगे। ढोल-नगाड़ों की थाप और सुरों की लहरियों के बीच पूरा जशपुर गरबा की मस्ती में सराबोर होगा।



प्रतिभागियों को एंट्री कार्ड वितरण प्रारंभ

प्रतिभागियों के लिए आई-कार्ड वितरण की प्रक्रिया जारी है। जिन नगरवासियों ने अभी तक पंजीयन नहीं कराया है, वे अपना नाम दर्ज कराकर आई-कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। आई-कार्ड वितरण सीमित समय के लिए है, निर्धारित समय के पश्चात वितरण बंद कर दिया जाएगा।समिति ने सभी नगरवासियों से सपरिवार गरबा महोत्सव में शामिल होकर सांस्कृतिक महापर्व को सफल बनाने की अपील की है।

अलग अलग दिनों में अलग अलग ड्रेस कोड

प्रशिक्षण के क्रम में विगत दिवस चतुर्थी पर प्रतिभागियों ने गुलाबी रंग की वेशभूषा में गरबा किया। आगामी दिनों के लिए निर्धारित ड्रेस कोड के अनुसार पंचमी को साऊथ इंडियन थीम के तहत सफेद या क्रीम, षष्ठी को बंगाली परिधान, सप्तमी को गुजराती मिक्स, अष्टमी को राजस्थानी पोशाक और नवमी के दिन फैंसी ड्रेस में गरबा किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रायोजक राजेन्द्र देवांगन, विकास गुप्ता, अमन सोनी, डॉ पुष्पराज प्रधान, राहुल अग्रवाल, नितेश गुप्ता, नितिश सहाय रहे।

दो चरणों में दिया जा रहा प्रशिक्षण

समिति ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन शाम 6 से 7.30 बजे तक छोटे बच्चों को तथा रात्रि 7.30 से 9 बजे तक बड़े बच्चों, बच्चियों एवं महिलाओं को गरबा-डांडिया का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गरबा-डांडिया के पश्चात प्रतिदिन माता रानी की आरती के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा की जाती है।समिति द्वारा मुख्य कार्यक्रम का आयोजन 16 अक्टूबर से किया जाएगा। महोत्सव के दौरान सर्वश्रेष्ठ गरबा एवं डांडिया करने वाले प्रतिभागियों को प्रतिदिन पुरस्कृत किया जाएगा।

नवसंकल्प शिक्षण संस्थान में नए बैच के लिए प्रवेश परीक्षा 1 को

जशपुरनगर। जिला प्रशासन जशपुर की ओर से संचालित नवसंकल्प शिक्षण संस्थान में नए बैच में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 16 अक्टूबर से शुरू होगी। जिले के युवाओं को विभिन्न राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराने के उद्देश्य से संस्थान द्वारा प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 26 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। नवसंकल्प शिक्षण संस्थान में नए सत्र के तहत छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा, छत्तीसगढ़ व्यापम, एसएसबी से संबंधित पटवारी, अमीन एवं छात्रावास अधीक्षक जैसी भर्ती परीक्षाओं तथा कर्मचारी चयन आयोग जीडी परीक्षा की तैयारी के लिए बैच संचालित किए जाएंगे। इसके माध्यम से युवाओं को परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन एवं अध्ययन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

- निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का मिलेगा अवसर

चार केंद्रों में होगी प्रवेश परीक्षा

नए बैच में प्रवेश के लिए परीक्षा एक नवंबर को ऑफलाइन माध्यम से आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिले के चार परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव और बगीचा शामिल हैं। प्रवेश परीक्षा का परिणाम 5 नवंबर को घोषित किया जाएगा। इसके बाद चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 12, 13, 14 एवं 15 नवंबर को आयोजित की जाएगी। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 16 नवंबर 2026 से नए बैच की कक्षाएं प्रारंभ होंगी।

गोमती ने ली भाजपा महिला मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक

पत्थलगांव/बनासकांठा। गुजरात भाजपा की सह प्रभारी एवं पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने उमियाधाम धर्मशाला, अंबाजी, तहसील दांता, जिला बनासकांठा में प्रदेश महिला मोर्चा के पदाधिकारियों, राज्य कार्यकारिणी सदस्यों, जिला महिला मोर्चा अध्यक्षों एवं निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों सहित सांसदों तथा विधायकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में संगठनात्मक विषयों, महिला मोर्चा की आगामी कार्ययोजनाओं तथा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही महिला मोर्चा की गतिविधियों, संगठनात्मक विस्तार एवं आगामी कार्यों की तैयारियों पर भी विचार-विमर्श हुआ। महिला शक्ति संगठन की मजबूती का आधार- गोमती साय ने कहा कि महिला शक्ति भाजपा संगठन की मजबूती का महत्वपूर्ण आधार है। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और प्रभावी नेतृत्व के माध्यम से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने महिला मोर्चा के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से जनसेवा के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए संगठन की विचारधारा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में संगठन को अधिक सक्रिय, सशक्त एवं जनोन्मुख बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों और प्रभावी कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ने पर जोर दिया गया।

- संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने पर दिया जोर



एनएच 130 पर दुर्घटना के बाद प्रबंधन में लापरवाही पर दस लाख का जुर्माना

अंबिकापुर। एनएच 130 पर हुई सड़क दुर्घटना के बाद प्रबंधन में लापरवाही को लेकर रख रखाव करने वाली एजेंसी पर दस लाख रूपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई ट्रक और ट्रेलर के बीच हुई भिड़ंत के बाद दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को हटाने में देरी पर की गई है। बताया जा रहा है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राष्ट्रीय राजमार्ग-130 के कटघोरा-अंबिकापुर खंड में सड़क दुर्घटना के बाद राहत कार्य में देरी और निर्धारित परिचालन मानकों के अनुपालन में लापरवाही के मामले में संबंधित संचालन एवं रखरखाव एजेंसी मेसर्स रविंद्र सिंह आनंद पर 10 लाख रूपए का जुर्माना लगाया है। जारी आदेश के अनुसार 12 अक्टूबर को तड़के लगभग 3 बजे चोटिया टोल प्लाजा के निकट दो ट्रक-ट्रेलरों के बीच टक्कर हुई थी। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने में देरी के कारण राजमार्ग पर यातायात बाधित रहा। घटना के दौरान सामने आई कमियों के अवलोकन में पाया गया कि एजेंसी का परियोजना प्रबंधक घटनास्थल पर उपस्थित नहीं था। इसके अतिरिक्त, दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने के लिए आवश्यक क्रेन ऑपरेटर की अनुपलब्धता तथा रिकवरी उपकरणों में पर्याप्त ईंधन नहीं होने के कारण राहत कार्य प्रभावित हुआ। एनएच हेल्पलाइन नंबर 1033 पर बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद समय पर आवश्यक सहायता उपलब्ध नहीं कराई जा सकी।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर बन रहा 2.91 करोड़ का विद्युत सब स्टेशन

जशपुरनगर। जशपुर जिले के नागलोक क्षेत्र में लंबे समय से लो वोल्टेज और बिजली आपूर्ति संबंधी समस्याओं से परेशान उपभोक्ताओं को जल्द राहत मिलने वाली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर फरसाबहार तहसील के समडमा में 2 करोड़ 91 लाख रुपये की लागत से 33/11 केवी विद्युत सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। सब स्टेशन के निर्माण और विद्युत आपूर्ति शुरू होने से क्षेत्र के दर्जनों गांवों में बिजली व्यवस्था मजबूत होगी और उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधा मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा। क्षेत्र में लंबे समय से लो वोल्टेज की समस्या के कारण लोगों को घरेलू कार्यों, कृषि गतिविधियों और विद्युत उपकरणों के संचालन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में समडमा में विद्युत सब स्टेशन का निर्माण क्षेत्र की बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके शुरू होने से स्थानीय विद्युत वितरण व्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार आने की उम्मीद है।

- 16 गांवों के उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ, क्षेत्रवासियों ने जताया आभार



16 गांवों के उपभोक्ताओं को मिलेगा सीधा लाभ

समडमा में निर्माणाधीन विद्युत सब स्टेशन से समडमा, सांको, साहिलता, बांसाझाल, छरला, मांझापारा, कोरचिकानी, लावाकेरा, जूनाडीह, जगदमपुर, रेंगारमुण्डा, जाडामल, बेलडीपा, चालडीह, जामडांड और रंगीयाडीपा सहित आसपास के गांवों के बिजली उपभोक्ताओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। सब स्टेशन चालू होने के बाद क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी और लो वोल्टेज की समस्या में कमी लाने में मदद मिलेगी।

विद्युत अधोसंरचना मजबूत होने से बढ़ेंगी सुविधाएं

विद्युत सब स्टेशन का निर्माण क्षेत्र में बिजली की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने और उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे स्थानीय स्तर पर विद्युत वितरण व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही घरेलू जरूरतों, कृषि कार्यों और अन्य गतिविधियों के लिए गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। समडमा में सब स्टेशन का निर्माण शुरू होने से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है। लंबे समय से चली आ रही बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान की दिशा में किए जा रहे कार्य के लिए लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताया है।

दस लोगों को मौत के घाट उतारने वाले दंतैल को पहनाया जाएगा कॉलर आईडी

अम्बिकापुर। आतंक का पर्याय बन चुके लोनर हाथी को अब वन विभाग ट्रेंकुलाइज कर सेटेलाईट कॉलर आईडी लगाने की योजना बना रहा है। अब तक दस लोगों की जान ले चुके इस कबरा हाथी को कॉलर आईडी पहनाने के लिए वन विभाग ने राज्य के माध्यम से केंद्र को प्रस्ताव भेजा है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही इसके लिए केंद्र से अनुमति मिल जाएगी। विभाग की योजना है कि हाथी को कॉलर आईडी पहनाने के बाद उसपर निगरानी रखी जाए। इसके साथ ही अधिकारी हाथी को कैप्चर कर दूसरे क्षेत्र में मौजूद हाथियों के दल के पास छोड़ने की योजना बना रहे है ताकि वह किसी दल में शामिल हो सके। बता दें कि दल से अलग होकर भटक रहे लोनर दंतैल का आतंक चरम पर है। खुद ही दल से अलग होकर हाथी सूरजपुर जिले के प्रतापपुर और बलरामपुर जिले के राजपुर वन परिक्षेत्र में लगातार विचरण कर रहा है। हाथी कभी जंगल में तो कभी भी बस्ती में पहुंच जाता है। बड़ी बात यह है कि यह दंतैल काफी आक्रामक है और लोगों की मौत का कारण बन रहा है। हाथी कभी भी बस्ती में पहुंच जाता है। इस हाथी के हमले में सूरजपुर क्षेत्र में सात और बलरामपुर जिले के राजपुर क्षेत्र में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। हाथी के हमलों में मौत के बाद वन विभाग द्वारा मृतकों के परिजन को मुआवजा राशि भी प्रदान की गई है लेकिन अब यह हाथी वन विभाग के लिए चुनौती बन चुका है।

कलेक्टर ने स्कूल भवनों, जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने विकासखंड दुलदुला के विभिन्न ग्राम पंचायतों का व्यापक दौरा कर शैक्षणिक संस्थानों, स्कूल मरम्मत कार्यों, जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पानी टंकियों तथा अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, पूर्णता की स्थिति और आम नागरिकों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। अपूर्ण एवं गुणवत्ताविहीन कार्यों पर नाराजगी जताते हुए संबंधित निर्माण एजेंसियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने तथा लापरवाही पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



कशीबन्ध आंगनबाड़ी केंद्र व प्राथमिक शाला का निरीक्षण

इसके बाद ग्राम पंचायत कशीबन्ध के आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक शाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ग्राम पंचायत कस्तूरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूल मरम्मत कार्यों का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने वर्ष 2024-25 के मरम्मत कार्य अब तक पूर्ण नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित निर्माण एजेंसी के विरुद्ध कार्य निरस्त करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में ग्राम पंचायत कोरना के शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया गया। यहां शौचालय का कार्य अपूर्ण पाए जाने तथा विद्युतीकरण का कार्य शेष होने पर कलेक्टर ने संबंधित एजेंसी को एक सप्ताह के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

अनुपयोगी पुल निर्माण पर जताई नाराजगी

कलेक्टर रोहित व्यास ने विकासखंड दुलदुला के विभिन्न ग्रामों में सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की उपयोगिता, गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अनुपयोगी एवं अपूर्ण निर्माण कार्यों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने लापरवाही के मामलों में जांच तथा नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम आंवरापानी में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत केंद खमन पहुंच मार्ग पर निर्मित आरसीसी पुलिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुल की उपयोगिता को लेकर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि, निर्माण कार्य से अपेक्षित उपयोगिता सुनिश्चित नहीं हो रही है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पुल निर्माण की आवश्यकता, उपयोगिता एवं कार्य की स्थिति की जांच कर 10 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात ग्राम पंचायत कस्तूरा में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत निर्माणाधीन कस्तूरा से सरायटोली मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

अधूरे निर्माण कार्यों पर कलेक्टर सख्त हाट बाजार शेड निरस्त करने के निर्देश

जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास ने विकासखंड दुलदुला के विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर हाट बाजार शेड, कृषि उपज मंडी, पंचायत भवन, मिनी स्टेडियम एवं अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई कार्य अपूर्ण पाए जाने तथा कुछ कार्यों में निर्माण प्रारंभ नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी जताई। कलेक्टर ने संबंधित निर्माण एजेंसियों के विरुद्ध कार्य निरस्त करने के निर्देश देते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने और लापरवाही पर जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम बंगूरकेला में हाट बाजार के लिए बनाए जा रहे शेड का निरीक्षण किया। कार्य अपूर्ण पाए जाने पर उन्होंने संबंधित निर्माण एजेंसी के विरुद्ध कार्य निरस्त करने के निर्देश दिए। इसी दौरान उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से ग्रामीण सचिवालय की बैठकों के आयोजन एवं संचालन की जानकारी भी ली। साथ ही, नवनिर्मित पंचायत भवन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। इसके पश्चात ग्राम चटकपुर में हाट बाजार के लिए प्रस्तावित शेड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। यहां निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कार्य को तत्काल निरस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही, संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने को कहा। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत कस्तूरा में कृषि उपज मंडी का भी निरीक्षण किया।

खबर संक्षेप



कांग्रेस ने ज्ञानेश कुमार का किया पुतला दहन, सौपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

लखनपुर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित सिंह देव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को अम्बेडकर चौक से तहसील कार्यालय तक पदयात्रा निकाली। इस दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की समीक्षा कराने तथा हटाए गए पात्र मतदाताओं के नाम पुनः मतदाता सूची में शामिल करने की मांग की गई। साथ ही ईवीएम के स्थान पर बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग भी उठाई गई। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष कृपा शंकर गुप्ता, सत्येंद्र राय, वीरेंद्र सिंह देव, हर्ष सिंह देव, रामसूजन द्विवेदी, रमेश जायसवाल, जगरोपण यादव, विनोद सिंह, भूखल राम, देवनारायण सिंह, मुन्ना यादव, जमील खान, भूपेंद्र जायसवाल, गप्पू खान, मोजीब खान, इबरान, बाबर, अम्बिका यादव, परमेश्वर सिंह, रोहनी सिंह, मोहर लाल, रंगबाज, कृष्णा यादव, मकसूद खान,स्वप्निल शर्मा, अजहर चौधरी, अमरेश राजवाड़े सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मां-बेटा की संदिग्ध मौत का मामला गरमाया, शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस ने की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग



सूरजपुर। शासकीय माध्यमिक विद्यालय से संबंधित शिक्षिका रजनी बेरठ एवं उनके पुत्र सुजल बेरठ की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु का मामला गंभीर चिंता का विषय बन गया है। इस मामले में निष्पक्ष,पारदर्शी एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज डालमिया एवं ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष जफर हैदर के संयुक्त नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर वास्तविक तथ्यों को सामने लाने तथा यदि किसी की संलिप्तता प्रमाणित होती है तो उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शिक्षिका रजनी बेरठ एवं उनके पुत्र सुजल बेरठ की मृत्यु की घटना अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक है। ऐसे में मामले की परिस्थितियों की निष्पक्ष पड़ताल कर सच्चाई सामने लाना आवश्यक है ताकि घटना से जुड़े प्रत्येक पहलू की स्पष्ट जानकारी सामने आ सके और किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय न हो। शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस ने कहा कि पुलिस प्रशासन से मामले को सामान्य प्रकरण मानकर नजर अंदाज न करे। बल्कि उपलब्ध तथ्यों,परिस्थितियों और साक्ष्यों के आधार पर गंभीरता से जांच की जाए। ज्ञापन में पुलिस अधीक्षक के समक्ष पांच प्रमुख मांगें रखी गई हैं इनमें प्रकरण की निष्पक्ष,पारदर्शी एवं उच्च स्तरीय जांच कराना,घटनास्थल और उपलब्ध साक्ष्यों की बारीकी से पड़ताल करना,संबंधित व्यक्तियों के बयान दर्ज कर आवश्यक तथ्यों का सत्यापन करना तथा जांच में किसी व्यक्ति की संलिप्तता प्रमाणित होने पर उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई करना शामिल है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अविनाश यादव, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू, संगठन महामंत्री भावना सिंह नेताम, राजेश साहू, मुस्तफा खान, सावित्री शर्मा, इमरान अंसारी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

तेलगांव से से बुंदिया चौक तक बनेगी पक्की सड़क

सूरजपुर। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की प्रयासों से भैयाथान विकासखंड में सड़क निर्माण स्वीकृत हुआ है। राज्य शासन ने तेलगांव मुख्य मार्ग से बरपारा होते हुए बुंदिया चौक तक 5.50 किलोमीटर लंबाई की सड़क के निर्माण के लिए 543.67 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। यह कार्य वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में शामिल है। लोक निर्माण विभाग के आदेश के अनुसार निर्माण के लिए आवश्यक प्रशासनिक और वित्तीय सहमति के बाद स्वीकृति जारी की गई है। कार्य को तय प्रक्रिया के अनुसार आगे बढ़ाया जाएगा और इसकी निविदा प्रमुख अभियंता कार्यालय में गठित निविदा प्रकोष्ठ के माध्यम से कराई जाएगी। स्वीकृति आदेश में निर्माण की गुणवत्ता, पारदर्शी निविदा प्रक्रिया और निर्धारित समय-सीमा में काम पूरा करने पर जोर दिया गया है। स्वीकृत राशि की सीमा में ही व्यय सुनिश्चित करने तथा कार्य के प्राक्कलन और निष्पादन में मितव्ययिता बरतने के निर्देश भी दिए गए हैं। निर्माण कार्य में किसी स्तर पर गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई का प्रावधान रखा गया है। मंत्री श्रीमती राजवाड़े के प्रयासों से स्वीकृत इस सड़क से तेलगांव मुख्य मार्ग, बरपारा और बुंदिया चौक के बीच संपर्क बेहतर होने की उम्मीद है। सड़क बनने से स्थानीय ग्रामीणों को दैनिक आवागमन में सहूलियत मिलेगी और क्षेत्र के लोगों की आवाजाही अधिक सुगम हो सकेगी।

सड़क किनारे बने गड्ढे राहगीरों के लिए खतरनाक

विकासखंड शंकरगढ़ के देवसराखुर्द पहुंच मुख्य मार्ग की हालत दयनीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

सड़क किनारे नाली नहीं होने तथा पिछले दिनों हुई भारी बारिश से देवसरा खुर्द पहुंच मार्ग ही हालत दयनीय हो गई है। सड़क किनारे कटाव होने से कई जगह बड़े बड़े गड्ढे हो गए है जो अब राहगीरों के लिए खतरनाक हो गया है। हैरानी की बात तो यह है कि बलरामपुर सड़क की मरम्मत होने से देवसरा मार्ग ही ऐसा जहां से धौरपुर सहित आसपास के लोग शंकरगढ़ क्षेत्र में आना जाना करते है। बारिश के बाद सड़क किनारे गड्ढे होने से राहगीरों की परेशानी और भी बढ़ गई और हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

खास बातें
- धौरपुर को जोड़ने वाली सड़क बड़ी संख्या में लोग करते है आवागमन
- कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

विकासखंड शंकरगढ़ क्षेत्र के ग्राम देवसरा खुर्द में सड़क व्यवस्था की बदहाली को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। गांव की कई सड़कों पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिसके कारण राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे खराब स्थिति



मिट्टी कटाव से सड़क किनारे जानलेवा गड्ढा।

देवसरा खुर्द मार्ग जो धौरपुर को जोड़ने वाली सड़क की है। यह सड़क धौरपुर से सीधे शंकरगढ़ मुख्य मार्ग से जुड़ती है और क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए आवागमन का महत्वपूर्ण मार्ग है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों को दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की खराब स्थिति के बावजूद ग्राम पंचायत द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के बाद से सड़क की स्थिति खराब है, लेकिन अब तक मरम्मत कराने किसी प्रकार की पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है दिन के समय आने जाने वाले लोग किसी तरह गड्ढे से बचकर निकल जाते है लेकिन रात के समय गड्ढे के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे में समय रहते सड़क किनारे गड्ढे को नहीं भरा गया तो आने वाले दिनों में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

बड़ी संख्या में लोग बाईपास मार्ग का करते हैं उपयोग

बलरामपुर नेशनल हाईवे मार्ग में निर्माण कार्य होने के कारण शंकरगढ क्षेत्र के अलावा धौरपुर, लुंड्रा सहित अन्य गांव के लोग अंबिकापुर आने जाने के लिए अधिकतर बाईपास देवसरा खुर्द से धौरपुर मार्ग को चुनते है। बाईपास मार्ग होने के कारण एक ओर दूरी कम होती है वहीं दूसरी ओर बारिश के दिनों में बलरामपुर मार्ग पर कीचड़ होने तथा बारिश बंद होने के बाद धूल से बचने के लिए इस मार्ग का उपयोग करते है। ऐसे में अब राहगीरों के समक्ष सड़क किनारे बने गड्ढे ने परेशानी बढ़ा दी है।

मरम्मत कराने की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों से ग्राम देवसरा खुद से धौरपुर को जोड़ने वाले बाईपास सड़क का शीघ्र निरीक्षण कर मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों कहना है यह मार्ग क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत ही उपयोगी मार्ग है। बाईपास होने के कारण बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते है। ऐसे में गड्ढे को नहीं भरा गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

पीएमजीएसवाई व पीडब्लूडी की बदहाल सड़कों पर मंत्री ने सुधार हेतु दिए निर्देश

बिश्रामपुर। भटगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना व पीडब्ल्यूडी के निर्मित सड़कों की खराब स्थिति को लेकर महिला बाल विकास मंत्री एवं भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कड़ा रुख अपनाते हुए कलेक्टर को जल्द सुधार कार्य कराए जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर को भेजे पत्र में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने उल्लेख किया है कि क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सड़कों की बदहाली से आवागमन में हो रही परेशानी की जानकारी दी थी। जिस पर कलेक्टर सुरजपुर को संबंधित सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए तत्काल कार्रवाई कराई जाए। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने पत्र में उल्लेख किया है कि नई बनी सड़कों की खराब हालत के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विभाग की ओर से प्रस्तुत सूची में शामिल सड़कों का निरीक्षण कर उनकी वास्तविक स्थिति का आकलन करने को कहा है। साथ ही गारंटी अवधि अंतर्गत आने वाली सड़कों की मरम्मत संबंधित ठेकेदारों से अनुबंध की शर्तों के अनुसार कराएं जाएं। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू कराने और उसकी गुणवत्ता पर निगरानी रखने को कहा है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि कार्य में देरी या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी सड़कों की उपलब्धता लोगों के रोजमर्रा के आवागमन और जरूरी सेवाओं तक पहुंच के लिए महत्वपूर्ण है। सरकारी योजनाओं के तहत किए गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और रखरखाव में जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए।



तकनीकी सहायक कर्मचारी संघ की तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

तकनीकी सहायक कर्मचारी संघ का तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों द्वारा अपनी तीन प्रमुख मांगों को लेकर 13 से 15 अक्टूबर तक सांकेतिक हड़ताल की जा रही है। इस हड़ताल में जिले के लगभग 45 तकनीकी सहायक तथा पूरे छत्तीसगढ़ राज्य से लगभग 1200 तकनीकी सहायक कर्मचारी शामिल है।

तकनीकी सहायक कर्मचारी संघ के अनुसार कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, ग्राम सचिव के समान स्थायीकरण हेतु नियमनावली लागू करना तथा पदनाम परिवर्तन कर कनिष्ठ अभियंता किए जाने की मांग शामिल है। संघ का कहना है कि तकनीकी सहायक ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विभिन्न विकास कार्यों के तकनीकी क्रियान्वयन, मूल्यांकन, गुणवत्ता नियंत्रण एवं कार्यों की निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बावजूद इसके कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्याओं और लंबित मांगों का निराकरण नहीं हो पाया है। इसी के मद्देनजर संघ द्वारा शासन का ध्यान अपनी मांगों की ओर आकर्षित करने के लिए तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का निर्णय लिया गया है। संघ ने शासन से मांग की है कि तकनीकी सहायक कर्मचारियों की समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए उनकी तीनों प्रमुख मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए।

विवादों में ग्राम सचिव दिनेश, ग्राम सभा में हंगामे के बाद चार लोगों पर पुलिस की कार्रवाई

रामानुजगंज। रामचंद्रपुर जनपद पंचायत क्षेत्र की कनकपुर ग्राम पंचायत के सचिव दिनेश ठाकुर एक बार फिर विवादों में हैं। 10 अक्टूबर को पंचायत भवन में आयोजित ग्राम सभा के दौरान हंगामे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों ने सचिव



दिनेश ठाकुर पर शासकीय योजनाओं में लापरवाही बरतने और हितग्राहियों की समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं करने के आरोप लगाए। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ योजनाओं के लिए राशि आहरित किए जाने के बावजूद संबंधित कार्य पूरे नहीं हुए हैं। उन्होंने इन कार्यों की स्थिति स्पष्ट करने और जिम्मेदार लोगों से जवाब लेने की मांग की। ग्रामीणों ने दस्तावेज में नाम गलत दर्ज होने के एक मामले में भी नाराजगी जताई। उनका आरोप है कि सुधार के लिए कई बार कहने के बावजूद चार महीने बीत जाने पर भी समस्या का निराकरण नहीं किया गया। ग्राम सभा के दौरान विवाद बढ़ने पर एक ग्रामीण वीडियो में मारपीट की बात कहते हुए भी दिखाई दे रहा है। वीडियो में एक व्यक्ति के अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने की बात भी सामने आई है। विवाद के बाद रामानुजगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रवीण कुमार सिंह, मोहम्मद अयूब, सोएब अख्तर और मुर्तजा अंसारी के खिलाफ धारा 170/126, 135(3) के तहत कार्रवाई की। पुलिस ने चारों को न्यायालय में पेश करने के बाद रामानुजगंज जेल भेज दिया।

एनडीपीएस के मामले में आरोपी को 10 वर्ष की सश्रम कारावास

सूरजपुर। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट ने नशे के कारोबार में लिप्त आरोपी को दी 10 वर्ष की सश्रम कारावास व 1 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। थाना झिलमिली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम दवना निवासी सुशील दास देवांगन आ. आनंद दास (28 वर्ष) के कब्जे से नशीली इंजेक्शन जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। मामले के विवेचक एएसआई महेन्द्र सिंह मरावी द्वारा प्रकरण में पुख्ता साक्ष्य संकलित कर आरोप पत्र विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट न्यायालय में पेश किया। प्रकरण का संचालन विशेष लोक अभियोजक रमेश सिंह कुशवाहा द्वारा किया गया। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश मानवेन्द्र सिंह विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के यहां हुई। न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी करते हुए प्रकरण के समग्र तथ्यों, गवाहों के कथन, एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर अपराध सिद्ध होने पर निर्णय 13 अक्टूबर को आरोपी सुशील दास देवांगन को स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा 21(सी) के आरोप में दस वर्ष (10 वर्ष) के सश्रम कारावास एवं 1 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

राखड़ और कोयले की धूल से परेशान, लोगों ने शुरू किया अनिश्चितकालीन चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

राखड़ और कोयले के परिवहन से फैल रहे धूल-प्रदूषण, सड़क दुर्घटनाओं की आशंका तथा आम नागरिकों को हो रही परेशानियों के विरोध में युवा कांग्रेस का युकां जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में बुधवार से एसईसीएल आवासीय कॉलोनी से भटगांव मुख्य मार्ग पर अनिश्चितकालीन चक्काजाम एवं विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह द्वारा काफी समझाइश के बाद भी आंदोलन अनवरत जारी है।

युकां जिला उपाध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि पिछले करीब दो महीने से लगातार शिकायतों के बावजूद समस्याओं के समाधान के लिए अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। क्षेत्र में राखड़ और कोयले के परिवहन के दौरान उड़ने वाली धूल लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। सड़कों पर जमा राखड़ और कोयले की धूल के कारण वातावरण प्रदूषित हो रहा है, वहीं भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। विशेष रूप से शारदीय नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा का मुद्दा



उठाया गया है। मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। इसके अलावा स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों और रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भी धूल तथा भारी वाहनों के कारण परेशानी झेलनी पड़ रही है। एसईसीएल की आवासीय कॉलोनियों और भटगांव मुख्य मार्ग पर जगह-जगह राखड़ एवं कोयले की धूल जमा होने तथा परिवहन के दौरान धूल उड़ने से आसपास के क्षेत्र में प्रदूषण फैल रहा है। इससे नागरिकों के स्वास्थ्य, विद्यार्थियों की पढ़ाई और दैनिक आवागमन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई गई है। युकां नेता ने कि भारी वाहनों का अनियंत्रित आवागमन आम लोगों की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है। क्षेत्र में पहले भी अप्रिय घटनाएं हो चुकी हैं। पूर्व में पिलखा नायब तहसीलदार द्वारा लिखित आदेश जारी कर भारी वाहनों के आवागमन पर सुबह 6 बजे से 10 बजे तक कालोनियों में परिवहन पर रोक लगाने के निर्देश दिए जाने के बाद वाहनों का परिवहन लगातार जारी है। राखड़ परिवहन हेतु निर्धारित रूट चार्ट को छोड़कर मनमाने तरीके से इस मार्ग पर बेवजह उपयोग कर लोगों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन को कई बार अवगत कराए जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिस पर बुधवार से अनिश्चितकालीन चक्काजाम व धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है। आंदोलन में युकां जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह सोमु, पार्षद संजीत यादव, पूर्व नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष आशीष यादव, पूर्व पार्षद जय प्रकाश यादव, संजय सोनी, राहुल सिंह, सुनील कुमार सारथी, लिवनेश पावले, विनय सिंह, नीरज सिंह, प्रेमजीत सिंह, पवन मिश्रा, अवतार सिंह मान, गौतम सिंह, अभिषेक गुप्ता, अमित त्रिपाठी, दुर्गा सिंह, अविनाश पांडेय, रिंकू सलूजा, मुकेश सिंह, संजीव शेट्टी, परमेश्वर राजवाड़े सहित अन्य सक्रिय हैं।

संत रितेश्वर महाराज पहुंचे शहर, रात्रि विश्राम के बाद शिवरीनारायण रवाना

अंबिकापुर। शिवरीनारायण तक की यात्रा के तहत विख्यात संत रितेश्वर महाराज मंगलवार की देर रात सरगुजा पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उनके आगमन से शहर के श्रद्धालुओं, भक्तों और अनुयायियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

बताया जा रहा है की संत रितेश्वर महाराज छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल शिवरीनारायण की यात्रा पर निकले है। अपनी यात्रा के तहत सरगुजा में उन्होंने विश्राम किया। संत रितेश्वर महाराज बीती रात करीब 11 बजे अंबिकापुर पहुंचे। शहर की देवेश्वर कॉलोनी स्थित व्यवसायी नवीन अग्रवाल के निवास पर उनका आगमन हुआ, जहां उन्होंने रात्रि विश्राम किया। देवेश्वर कॉलोनी स्थित व्यवसायी नवीन अग्रवाल के निवास पर महाराज के रात्रि विश्राम की जानकारी मिलने के बाद उनके



अनुयायियों में विशेष प्रसन्नता रही। अंबिकापुर में रात्रि विश्राम के बाद सद्गुरु रितेश्वर महाराज ने सुबह अपनी आगे की यात्रा की तैयारी की। इसके पश्चात वे सुबह करीब 11 बजे सड़क मार्ग से छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल शिवरीनारायण के लिए रवाना हो गए। शिवरीनारायण छत्तीसगढ़ की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा में विशेष स्थान रखता है। ऐसे में महाराज का वहां के लिए प्रस्थान करना उनके निर्धारित यात्रा कार्यक्रम का हिस्सा रहा।

मां-बेटे के दोहरे हत्याकांड की गुत्थी पांच दिन बाद भी अनसुलझी, धोबी समाज ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

बिश्रामपुर। ग्राम केशवनगर के ममता कॉलोनी में महिला शिक्षिका रजनी बरेठ और उनके पुत्र सुजल बरेठ की नृशंस हत्या के मामले में पांचवें दिन भी पुलिस के हाथ अभी भी कोई ठोस सुराग नहीं लग सका है। मां-बेटे की निर्मम हत्या से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। वहीं अब इस जघन्य वारदात को लेकर सामाजिक संगठनों ने भी आवाज बुलंद करनी शुरू कर दी है।

इसी कड़ी में बुधवार को धोबी समाज के संभागीय प्रतिनिधिमंडल ने सूरजपुर पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराने तथा वास्तविक दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। ज्ञात हो कि ममता कॉलोनी में हुई इस दोहरी हत्या ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। शिक्षिका रजनी बरेठ और उनके पुत्र सुजल बरेठ की हत्या के बाद से ही पुलिस मामले की गुत्थी सुलझाने में जुटी हुई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल स्वयं मामले की लगातार निगरानी कर रहे हैं।

- निष्पक्ष जांच और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

जिले के अलग-अलग थाना एवं चौकियों के तेजतर्रार पुलिसकर्मियों को जांच में लगाया गया है, जो अपने-अपने स्तर पर विभिन्न पहलुओं की पड़ताल कर रहे हैं। हालांकि पांच दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस को ऐसा कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है, जिससे हत्याकांड की गुत्थी सुलझने की दिशा स्पष्ट हो सके। घटना के पीछे



का कारण क्या है और वारदात को किसने अंजाम दिया, इन सवालों के जवाब का इंतजार मृतक परिवार के साथ-साथ क्षेत्रवासियों को भी है।दोहरे हत्याकांड मामले में आज संभागीय धोबी समाज के प्रतिनिधि मंडल द्वारा पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि मां-बेटे की निर्मम हत्या अत्यंत हृदयविदारक और मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। इस वारदात ने आम नागरिकों के मन में सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा कर दी है। रजनी बरेठ और उनके पुत्र सुजल बरेठ की मौत केवल एक परिवार की अपूरणीय क्षति नहीं, बल्कि समाज की संवेदनाओं और कानून-व्यवस्था से जुड़ा गंभीर विषय भी है। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना और घटना के वास्तविक दोषियों को कानून के कटघरे तक पहुंचाना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारी की निगरानी में विशेष जांच दल गठित करने तथा जांच की नियमित समीक्षा करने की मांग भी की गई है। ज्ञापन में मांग की गई है कि घटनास्थल के निरीक्षण, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल ट्रेसिंग तथा अन्य उपलब्ध साक्ष्यों की नियमानुसार वैज्ञानिक तरीके से जांच की जाए। हत्या के पीछे संभावित कारणों, आपसी रंजिश और साजिश समेत सभी संबंधित पहलुओं की गहन पड़ताल की जाए, ताकि कोई भी महत्वपूर्ण तथ्य जांच से छूटने न पाए। धोबी समाज ने यह भी कहा है कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। यदि जांच के दौरान किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही अथवा साक्ष्यों से छेड़छाड़ सामने आती है, तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। समाज ने अपने ज्ञापन में निष्पक्ष जांच पर विशेष जोर देते हुए कहा है कि किसी भी दोषी को उसके प्रभाव, पहुंच अथवा आर्थिक स्थिति के कारण संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। वहीं पर्याप्त साक्ष्यों के अभाव में किसी निर्दोष व्यक्ति को आरोपी भी नहीं बनाया जाना चाहिए। जांच पूरी होने के बाद निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत आरोप पत्र प्रस्तुत कर प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

बिश्रामपुर क्षेत्र की खदानों में सुरक्षा जांच 22 से 27 तक

बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में खदानों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर क्षेत्रीय सुरक्षा समिति द्वारा निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। 22 से 27 अक्टूबर तक प्रस्तावित इस अभियान के तहत क्षेत्र की विभिन्न खदानों, केंद्रीय अस्पताल, रेस्क्यू इकाई और व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया जाएगा। इसके लिए क्षेत्रीय सुरक्षा समिति के सदस्यों को दो टीमों में विभाजित किया गया है। निरीक्षण के दौरान संबंधित खदानों में सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाएगा तथा कामगारों की सुरक्षित कार्यप्रणाली पर विशेष ध्यान दिए जाने की उम्मीद है।एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय से जारी पत्र के माध्यम से संबंधित सहक्षेत्र प्रबंधकों को निरीक्षण की निर्धारित समय-सारणी के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में कहा गया है कि निरीक्षण दलों के आवागमन के लिए निर्धारित तिथि को सुबह 9 बजे बिश्रामपुर ट्रांजिट कैंप से वाहन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही सभी संबंधित कार्य निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ निरीक्षण में शामिल रहें। क्षेत्रीय सुरक्षा समिति के निरीक्षण के लिए गठित टीम ए का नेतृत्व इंद्रजीत सिंह करेंगे। इस टीम में एटक से राजेश सिंह, बीएमएस से मनोज कुमार सिंह, एचएमएस से रामचंद्र जायसवाल, सीटू से मुंशीलाल पटेल तथा इनमोसा से राजेंद्र नगपुरे शामिल हैं।वहीं टीम बी का नेतृत्व आश्विन पाटले करेंगे। इस टीम में एटक से केके सिंह, बीएमएस से मुनमुन सिंह, एचएमएस से विकास कुमार, सीटू से राम लाल तथा इनमोसा से विनय श्रीवास्तव को शामिल किया गया है। दोनों टीमों में विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों की भागीदारी रखी गई है, जिससे निरीक्षण के दौरान कामगारों से जुड़े सुरक्षा संबंधी विषयों को भी सामने लाया जा सके। जारी निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार 22 अक्टूबर को रेहर खदान में टीम ए और गायत्री खदान में टीम बी निरीक्षण करेगी। इसी दिन केतकी खदान में भी टीम ए का निरीक्षण प्रस्तावित है। 23 अक्टूबर को बलरामपुर खदान में टीम बी पहुंचेगी, जबकि कुम्दा 7/8 खदान का निरीक्षण टीम ए करेगी। 24 अक्टूबर को आमगांव खदान में टीम बी तथा अमेरा खदान में टीम ए निरीक्षण करेगी। 26 अक्टूबर को केंद्रीय अस्पताल और 10 रेस्क्यू इकाई का निरीक्षण टीम बी द्वारा किया जाएगा।



रोमांस और मस्ती का डोज लेकर आ रहीं 6 नई जोड़ियां

मुंबई। लव फिल्म्स ने छह नए चेहरों की जोड़ियों वाले शानदार नए पोस्टर रिलीज किए हैं, जिनमें फिल्म की मजेदार केमिस्ट्री, यंग एनर्जी और लीक से हटकर अंदाज देखने को मिल रहे हैं। 'पहला प्यार दूसरी बार' में अलीशा चोपड़ा, स्पर्श वालिया, साक्षी वैद्य, कुणाल वैद, सरगुन कौर लूथरा और तुषार छिब्बर हैं, जो इसी फिल्म से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करेंगे। लव फिल्म्स की मच अवेटेड फिल्म 'पहला प्यार दूसरी बार' 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में फ्रेंडशिप, कॉमेडी, पहले क्रश, फ्रेंडशिप बॉन्ड और ट्विस्ट के साथ प्यार को मिलने वाले दूसरे मौके को दिखाया गया है। इस फिल्म को डेब्यूटेंट डायरेक्टर अनुज सैनी ने डायरेक्ट किया है।

लाइफ Style



रश्मिका

400 परिवारों को लिया गोद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना अपनी आगामी फिल्म 'रणबाली' में जयम्मा का किरदार निभा रही हैं। हाल ही में उन्होंने कई जरूरतमंद परिवारों के राशन का खर्च उठाने का संकल्प लिया। इस बात को जयम्मा से जोड़ते हुए उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस से जानकारी साझा की।

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की फिल्म 'रणबाली' जल्द रिलीज होने वाली है। इससे पहले एक्ट्रेस ने फैंस का दिल जीतने वाला काम कर दिखाया है। उन्होंने 400 परिवारों को गोद लिया है। अब वह तीन-तीन महीने की किस्तों में उनके राशन का खर्च उठाएंगी। इससे वह बाकि लोगों को भी इस तरह के नेक काम करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। रश्मिका मंदाना ने अपनी इस सामाजिक सेवा की जानकारी सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर की। उन्होंने लिखा, 'आप जिन किरदारों को निभाते हैं, उनमें कुछ ऐसा होता है जो आपको प्रभावित करते हैं। आपमें से कई लोग मुझसे पूछते रहते हैं कि क्या जयम्मा और मुझमें कोई समानता है? मेरा जवाब है हां - और यह उनमें से एक है। यह हमेशा से मैं रही हूं और यह वह भी है और मैं हमेशा आपके प्यार के लिए इस तरह की चीजें करती रहूंगी... लेकिन मैंने इसे हमेशा गुप्त रखा क्योंकि मुझे लगता था कि अगर सिर्फ मुझे, मेरी टीम को और हममें से कुछ लोगों को पता हो तो काफी है। लेकिन, अब मैं इस बारे में खुलकर बात कर रही हूं क्योंकि मैं सोच रही हूं, अगर इससे आप सभी प्यारे लोगों को भी ऐसा कुछ करने की प्रेरणा मिले तो मुझे खुशी होगी।'

हॉलीवुड मसाला



पॉल्टरजिस्ट में हुआ था असली कंकालों का इस्तेमाल

नई दिल्ली। फिल्म पॉल्टरजिस्ट को शापित इसलिए भी कहा जाता है, क्योंकि बहुत कम उम्र में इसके कलाकारों की रहस्यमी मौत हो गई। वहीं, पैसे बचाने के लिए इसमें मेकर्स ने इसमें असली मानव कंकाल का इस्तेमाल किया था। दरअसल, इस फिल्म में एक सीन था जिसमें जोबेथ विलियम्स को मानव कंकाल से भरे एक पूल में कूदना था। विलियम्स को यह नहीं पता था कि सीन में इस्तेमाल किए गए कंकाल असली थे। उन्हें कई सालों बाद एक स्पेशल इफेक्ट्स क्रू मेंबर से यह बात पता चली, जिसे जानकर वह बेहद हैरान रह गई थीं। अपने समय में इस फिल्म को इतना डरावना माना गया था कि अमेरिकन फिल्म इंस्टीट्यूट ने इसे इतिहास की सबसे रोमांचक और रोंगटे खड़े कर देने वाली फिल्मों की सूची में शामिल किया था।



नार्निया: द मैजिशियंस नेफ्यू का ट्रेलर आउट

नई दिल्ली। नेटफ्लिक्स ने अपनी आगामी फिल्म 'नार्निया: द मैजिशियंस नेफ्यू' का पहला ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें सीएस लुईस की काल्पनिक दुनिया की झलक दिखाई गई है। लेड जेपेलिन के गाने 'स्टेयरवे टू हेवन' की धुन पर बने इस शानदार ट्रेलर की शुरुआत डैनियल क्रेग के किरदार एंड्रयू केटरली (जो कहानी का मुख्य जादूगर है) की इस बात से होती है कि 'कभी-कभी एक कहानी ही बाकी सभी कहानियों की शुरुआत होती है। इसके बाद वह बच्चों को एक जादुई अंगूठी देता है, जो उन्हें अलग-अलग अद्भुत और काल्पनिक दुनियाओं में ले जाती है। बच्चे जादुई जीवों और जानवरों से मिलकर हैरान और मंत्रमुग्ध रह जाते हैं। इस फिल्म की कास्ट में डेविड मैकेकेना, बीट्राइस कैंपबेल, एम्मा मैकी, कैरी मुलिगन, सियारान हिंड्स के साथ-साथ डैनियल क्रेग, मेरिल स्ट्रीप, कोबना होल्डब्रुक-स्मिथ, डेनिस गफ और सुसान वोकोमा शामिल हैं।



हॉरर फिल्म में अलग अवतार में दिखेंगी

मुंबई। कृति सेनन पहली बार एक हॉरर फिल्म का हिस्सा बनने जा रही हैं। ये एक प्योर हॉरर जॉनरा वाली पिक्चर होगी। कृति ने अपने करियर में कई तरह की फिल्मों में कई तरह के किरदार निभाए हैं। हालांकि, एक पूरी तरह से डरावनी फिल्म का हिस्सा वो नहीं बनी थीं। अब वो मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली इस बेहद डरावने प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए तैयार हो गई हैं। बताया जा रहा है कि ये एक बड़े स्केल की हॉरर फिल्म होगी, जिसके प्री-प्रोडक्शन पर काम शुरू हो गया है। वैरायटी इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में सोर्स के हवाले से बताया है, 'वैसे तो उन्होंने कई इंटरव्यूज में कहा है कि उन्हें हॉरर फिल्में देखना पसंद नहीं। उन्होंने ये भी कहा है कि वो चाहती हैं कि वो हॉरर जॉनरा को एक्सप्लोर करें और एक एक्टर के तौर पर खुद को चैलेंज करें।



69वें ग्रैमी अवॉर्ड्स में चलेगा अरिजीत का जादू

नई दिल्ली। इस साल की सबसे सफल हिंदी फिल्म धुरंधर 2 ने पूरी दुनिया में कामयाबी का परचम लहराया था। बीते दिनों से ग्रैमी पुरस्कार 2027 की वजह से भी धुरंधर द रिवेंज का नाम सिनेमाई गलियारे में छाया हुई है। अब फिल्म के फिर से... गाने के सिंगर अरिजीत सिंह ने ये जानकारी दी है कि उनके इस गीत को 69वें ग्रैमी अवॉर्ड्स के लिए विचार किए जाने वाले गानों की लिस्ट में शामिल हो गया है। हालांकि, इसे आधिकारिक ग्रैमी नॉमिनेशन नहीं माना जाएगा। अरिजीत सिंह ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक लेटेस्ट पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट के जरिए अरिजीत ने धुरंधर द रिवेंज के फिर से... गीत के ग्रैमी अवॉर्ड्स 2027 में विचार किए जाने वाले गीतों की सूची में शामिल होने की आधिकारिक जानकारी दी है।

टीवी मसाला



केबीसी 18 : दो भाषाओं में बिग बी ने डायलॉग बोलकर सबको चौंकाया!

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' इन दिनों खूब चर्चा में है। जल्द ही इस शो में सिंगर मीका सिंह और फाल्गुनी पाठक नजर आने वाले हैं। इससे पहले मेकर्स ने सोशल मीडिया पर इस एपिसोड के प्रोमो वीडियो शेयर किए हैं। वीडियो में अमिताभ बच्चन शानदार डायलॉग बोलते हुए नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर जारी वीडियो में देखा जा सकता है कि अमिताभ बच्चन के साथ सिंगर फाल्गुनी पाठक और मीका सिंह हैं। मीका सिंह अमिताभ से कहते हैं, 'सारी दुनिया आपसे एक डायलॉग सुनना चाहती है, वह है 'अग्निपथ' का। मगर इसे पंजाबी में बोलना पड़ेगा।' इसके बाद अमिताभ बच्चन ने पंजाबी में फिल्म का डायलॉग बोला जो इस तरह है 'मेरा नाम दीनानाथ चौहान है।' इसके बाद फाल्गुलनी पाठक ने अमिताभ बच्चन से कहा कि जरा चार लाइन गुजराती में भी हो जाए। इसके बाद अमिताभ बच्चन गुजराती में डायलॉग बोलते हैं, जो हिंदी में इस तरह है 'रिश्ते में हम तुम्हारे बाप लगते हैं। नाम है दीनानाथ चौहान।' इसके बाद मीका सिंह कहते हैं कि पूरी दुनिया में सिर्फ एक ही सुपरस्टार है वह है अमिताभ बच्चन। शो के एक दूसरे प्रोमो में अमिताभ बच्चन नवरात्रि के बारे में बताते हैं। इस बीच फाल्गुनी पाठक गुजराती में एक गाना गाती हैं। वहीं मीका सिंह भी एक गाना गाते हैं और डांस करते हैं।

नकुल की एंट्री से स्काउट-यंग की दोस्ती में आई दरार

नई दिल्ली। शो 'बिग बॉस 20' में हाल के दिनों में हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला है। शो में वाइल्डकार्ड के जरिए आए नकुल ढुल को खेल के अहम नियम तोड़ने की वजह से बाहर कर दिया गया है। मगर, उनके आने के बाद घर वालों के बीच रिश्ते बिगड़ते दिख रहे हैं। आसिफ खान और लव गिल के बीच झगड़ा देखा गया है। नकुल धुल के हाथापाई मामले को लेकर पूरा घर बंटा हुआ था। इस बीच लव गिल ने जाकर नकुल से बात की। यह देख बाकी घर वालों को अजीब लगा। काजी ने आसिफ और गुल्लू के सामने कहा, 'लव ऐसा क्यों कर रही है। मेरी समझ के बाहर है'। आसिफ खान ने लव को टोका। इस पर लव ने कहा, 'मैं बोल रही हूं कि मैंने कोई फालतू बात नहीं की'। आसिफ कहते हैं, 'अरे कुछ भी बात करो, पर ऐसे साथ में नहीं बैठना चाहिए लव तुम्हें। यह गलत बात है'। आसिफ के टोकने पर लव नाराज हो गई कि आसिफ उन्हें क्यों निर्देश दे रहे हैं! इस पर आसिफ कहते हैं, 'चिल्लाकर बात मत कर। आसिफ और लव एक-दूसरे पर चिल्लाने लगे। आसिफ इस दौरान लव पर बुरी तरह भड़क गए। उन्होंने लव गिल को नकुल की 'चापलूस' और 'गंवार' तक कह दिया।



दिल और दिमाग खोल देंगीं ये शॉर्ट फिल्में... महज कुछ मिनटों में मिलेगा पूरी फिल्म का मजा

नई दिल्ली। मनोरंजन जगत की कुछ कहानियां ऐसी होती हैं, जिनका प्रभाव सिनेप्रेमियों पर पड़ने के लिए 2-3 घंटों की जरूरत नहीं पड़ती है, बल्कि कुछ ही मिनट ही चाहिए होते हैं। कम समय में ऐसी फिल्में दर्शकों के दिलों और दिमाग पर गहरी छाप छोड़ जाती है। इस तरह की मूवीज को सिनेमा की दुनिया में शॉर्ट फिल्म्स यानी लघु फिल्मों के नाम से जाना जाता है। शॉर्ट फिल्म की खासियत मनोरंजन के साथ-साथ समाज की सच्चाइयों, मानवीय भावनाओं, रिश्तों और जिंदगी के अनछुए पहलुओं को प्रभावशाली तरीके से पेश करना रहता है। इसी आधार पर आज हम कम समय में दमदार स्टोरी कॉन्सेप्ट दर्शानी वाली भारत की टॉप शॉर्ट फिल्म्स की अहम जानकारी लेकर आए हैं, जिन्हें अलग-अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देखा जा सकता है।



देवी : इस लिस्ट में पहला नाम अभिनेत्री काजोल और श्रुति हासन स्टारर शॉर्ट फिल्म देवी का शामिल होता है। जिसे ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेटफॉर्म पर आसानी से देखा जा सकता है। साल 2020 में रिलीज होने वाली इस शॉर्ट फिल्म का निर्देशन प्रियंका बनर्जी ने किया है। 13 मिनट देवी शॉर्ट फिल्म 9 अलग-अलग उम्र, धर्म, वर्ग और पृष्ठभूमि की महिलाओं की कहानी है, जो यौन हिंसा और बलात्कार की शिकार रह चुकी हैं और अपनी जिंदगी की नई शुरूआत कैसे करती हैं।

चटनी : 16 मिनट 50 सेकेंड की चटनी शॉर्ट फिल्म को यूट्यूब और प्राइम वीडियो ओटीटी प्लेटफॉर्म आसानी से देखा जा सकता है। इस शॉर्ट फिल्म की कहानी दिल्ली-एनसीआर की एक सीधी-साधी महिला के पति के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर की पोल खुलने के इर्द-गिर्द घूमती है। 2016 में चटनी का डायरेक्शन ज्योती कपूर दास ने किया है।

तांडवा : लिस्ट में अगला नंबर दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी स्टारर शॉर्ट फिल्म तांडव का आता है, जो यूट्यूब पर मौजूद है। 2016 में रिलीज होने वाली 11 मिनट की इस शॉर्ट फिल्म में दिखाया गया है कि एक पुलिस कॉन्स्टेबल अपनी नौकरी के साथ-साथ किन-किन समस्याओं के तनाव से गुजरता है और कैसे अपने सब का बांध तोड़ देता है।

इंटीरियर कैफे नाइट : अभिनेता नसीरुद्दीन शाह स्टारर 13 मिनट की शॉर्ट फिल्म इंटीरियर कैफे नाइट का नाम इस सूची से कैसे बाहर रखा जा सकता है। निर्देशक अधिराज बोस की ये लघु फिल्म प्यार, यादों और समय के साथ हुए बदलाव की एक इमोशनल स्टोरी दिखाती है और ये मूवी यूट्यूब पर मौजूद है। आपको बता दें कि इंटीरियर कैफे नाइट को दुनियाभर के 22 फिल्म फेस्टिवल्स में प्रदर्शित किया गया था, जिनमें से इसने 6 प्रमुख फिल्म समारोह में इसने जीत का परचम लहराया था।

उड़ता तीर का दूसरा ट्रेलर कॉमेडी एक्शन और एंटरटेनमेंट से है भरपूर

नई दिल्ली। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की फिल्म 'उड़ता तीर' का नया ट्रेलर आ चुका है, जो कॉमेडी, एक्शन और एडवेंचर से भरपूर है। आकाश ए. कौशिक के निर्देशन में बनी यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मजा और भी बढ़ गया है। पहले ट्रेलर को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद धर्मा प्रोडक्शंस और सिख्या एंटरटेनमेंट की फिल्म 'उड़ता तीर' एक बिल्कुल नए ट्रेलर के साथ वापस आ गया है। यह ट्रेलर और भी ज्यादा एक्शन, कॉमेडी और एंटरटेनमेंट से भरपूर है। मजेदार पलों, अनोखी परिस्थितियों और चौंकाने वाले ट्विस्ट से भरा यह नया ट्रेलर फिल्म के कॉमेडी अंदाज को और भी खास बनाता है। इससे दर्शकों को थिएटर में एक शानदार और मनोरंजक अनुभव मिलने की उम्मीद है। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान स्टारर 'उड़ता तीर' का नया ट्रेलर कॉमेडी, एक्शन और एंटरटेनमेंट लेकर आया है। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान स्टारर 'उड़ता तीर' अपनी अनोखी कहानी और अलग तरह की कॉमेडी की वजह से चर्चा में रही है। नया ट्रेलर उस उत्साह को और बढ़ाता है, जिसमें फिल्म के



ह्यूमर और किरदारों की मजेदार स्थितियों की एक झलक मिलती है। जोरदार कॉमेडी और दमदार कास्ट के साथ यह ट्रेलर दर्शकों को फिल्म का बेसब्री से इंतजार करने की एक और वजह देता है और इसके थिएट्रिकल रिलीज के लिए उम्मीदें बढ़ा देता है। 'उड़ता तीर' का पहला ट्रेलर 23 सितंबर को रिलीज हुआ था। 'उड़ता तीर' एक हिंदी स्पाई-कॉमेडी फिल्म है। यह फिल्म बिलाल अहमद (आयुष्मान खुराना) की कहानी है, जो एक पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटिव है।

नौ साल की उम्र में पहला गाना, 25 रुपए मेहनताना

चूड़ी जो खनके... नवरात्रि और गरबा की पहचान बन चुकी हैं फाल्गुनी

'मैंने पायल है छनकाई', 'याद पिया की आने लगी' और 'चूड़ी जो खनके' जैसे गानों से लोगों के दिलों में जगह बनाने वाली फाल्गुनी पाठक सिर्फ एक गायिका नहीं, बल्कि नवरात्रि और गरबा की पहचान बन चुकी हैं। जैसे ही नवरात्रि का त्योहार आता है और डांडिया का जिक्र होता है, तो लोगों के जहन में जो गाने सबसे पहले आते हैं वह फाल्गुनी पाठक के ही होते हैं। हालांकि, इस मुकाम तक पहुंचने का उनका सफर आसान नहीं था।



नई दिल्ली। बचपन में छत पर गाने से लेकर पहली परफॉर्मेंस के लिए महज 25 रुपए मिलने तक, उन्होंने कई चुनौतियों का सामना किया। परिवार की उम्मीदों से अलग संगीत को अपना जुनून बनाने वाली फाल्गुनी ने अपनी मेहनत, अनोखी आवाज और दमदार लाइव परफॉर्मेंस के दम पर ऐसी पहचान बनाई कि आज उन्हें 'गरबा क्वीन' कहा जाता है।

बचपन से ही संगीत से लगाव : फाल्गुनी पाठक का जन्म 1971 में मुंबई के खार इलाके में एक गुजराती परिवार में हुआ। वह पांच बेटियों में सबसे छोटी थीं। उनके घर में संगीत का माहौल था और रेडियो पर पुराने हिंदी गाने बजते रहते थे। उनकी एक बहन शास्त्रीय संगीत सीखती थीं। फाल्गुनी भी उनके पास बैठकर गाने सुनती और धीरे-धीरे खुद गाने लगीं। एक इंटरव्यू में फाल्गुनी ने बताया था कि संगीत की बाकायदा ट्रेनिंग नहीं ली थी। बल्कि, पुराने हिंदी गाने सुन-सुनकर गाना सीखा और धीरे-धीरे अपनी आवाज और गायकी को निखारा। वह घर की छत पर गाती थीं और पड़ोसी उनसे अपनी पसंद के गाने सुनाने की फरमाइश करने लगते थे।

माता-पिता की थी यह ख्वाहिश

हालांकि, संगीत सीखने और गाने का उनका शौक परिवार की उम्मीदों से मेल नहीं खाता था। उनके माता-पिता चाहते थे कि बेटी पढ़-लिखकर डॉक्टर या इंजीनियर बने। उस दौर में एक लड़की का कम उम्र में मंच पर गाना और पेशेवर कार्यक्रमों में हिस्सा लेना हर परिवार के लिए सहज बात नहीं थी।

पहले गाने से खुश नहीं थे पिता

फाल्गुनी पाठक को पहली बार गाने के लिए पैसे तब मिले, जब वह सिर्फ नौ साल की थीं। स्वतंत्रता दिवस के एक कार्यक्रम में उन्होंने फिल्म कुर्बानी का मशहूर गाना 'लैला मैं लैला' गाया। इस परफॉर्मेंस के लिए उन्हें 25 रुपए मिले, जो उन्होंने अपनी मां को दे दिए। लेकिन उनके गाने से पिता खुश नहीं थे। फाल्गुनी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि इस बात पर उनके पिता नाराज हुए और उन्हें सजा भी मिली। इसके बावजूद, गाने के प्रति उनका प्यार कम नहीं हुआ।

कैसे गरबा क्वीन बनीं?

फाल्गुनी पाठक की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण उनके लाइव शो रहे हैं। जहां कई गायक अपने हिट गानों के लिए पहचाने जाते हैं, वहीं फाल्गुनी ने मंच पर अपनी अलग पहचान बनाई। उनके कार्यक्रमों में लोग सिर्फ गाने सुनने नहीं, बल्कि गरबा और डांडिया खेलने के लिए भी पहुंचते हैं। उनके शो में संगीतकारों की टीम, ढोल की थाप, गुजराती लोकधुनें और दर्शकों के साथ उनका जुड़ाव एक अलग माहौल बनाता है। जब हजारों लोग एक साथ उनके गानों पर गरबा करते हैं, तो पूरा कार्यक्रम उत्सव में बदल जाता है। यही वजह है कि उनके प्रशंसक हर साल नवरात्रि में उनके कार्यक्रमों का इंतजार करते हैं। धीरे-धीरे उनकी लोकप्रियता मुंबई से निकलकर गुजरात और देश के दूसरे शहरों तक पहुंची।

इस गाने ने बदल दी पहचान : नवरात्रि के कार्यक्रमों से फाल्गुनी पाठक को पहचान मिल रही थी, लेकिन 1990 के दशक के आखिर में उनके गानों ने उन्हें देशभर के लोगों के बीच लोकप्रिय बना दिया। साल 1998 में उनका गाना 'याद पिया की आने लगी' रिलीज हुआ। इसकी धुन और संगीत वीडियो लोगों को खूब पसंद आया। इस गाने ने फाल्गुनी को उन लोगों के बीच भी पहचान दिलाई, जिनका गरबा या डांडिया से कोई खास जुड़ाव नहीं था। इसके बाद 'मैंने पायल है छनकाई' और 'मेरी चुनर उड़ उड़ जाए' जैसे गानों ने उनकी लोकप्रियता को और बढ़ाया। उनके गानों में प्यार, इंतजार और जवानी की भावनाएं थीं, जिन्हें लोग आसानी से समझ पाते थे। वहीं, उनके संगीत वीडियो में उनका अलग अंदाज और पहनावा भी दर्शकों को आकर्षित करता था। उस दौर में हिंदी फिल्मों के गानों के अलावा निजी म्यूजिक एल्बम भी लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहे थे। फाल्गुनी पाठक ने इसी दौर में अपनी अलग पहचान बनाई। उनकी आवाज और गानों का अंदाज ऐसा था कि लोग उन्हें सुनते ही पहचानने लगे।

खबर संक्षेप



शिविर में बना दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड

जशपुर। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार सेवा मेरा योगदान में दिव्यांगजन सेवा संकल्प अंतर्गत दिव्यांगजन प्रमाणीकरण तथा यूडीआईडी शिविर का आयोजन 14 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसाबहार में किया गया। शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड बनाया गया। साथ ही पेंशन योजनाओं, सहायक उपकरण, दिव्यांग ऋण के लिए आवेदन भी लिए गए। शिविर में कुल 145 दिव्यांगजन उपस्थित हुए, जिसमें 63 दिव्यांगजन न्क्ष्क हेतु पात्र हुए तथा 11 दिव्यांगजन को हायर सेंटर हेतु रेफर किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज जनपद पंचायत फरसाबहार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मिथलेश पैंकरा सहित समाज कल्याण एवं जनपद पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।

दो छात्र राज्य स्तरीय स्पर्धा में चयनित

तमनार। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के साथ संस्कारों को बढ़ावा देने वाला वुड्स वैली स्कूल कसडोल तमनार एक बार फिर अपनी प्रतिभा और उपलब्धियों को लेकर चर्चा में है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय सहित पूरे तमनार अंचल का नाम रोशन किया है। खास बात यह है कि विद्यालय के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। सेजेस तमनार में आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। वुड्स वैली स्कूल की कक्षा 10वीं की होनहार छात्रा आराध्या गुप्ता ने सेना का शौर्य विषय पर भाषण प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 9वीं की प्रतिभाशाली छात्रा तीक्षा साहू ने भारत 2047 विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसी क्रम में विकासखंड स्तरीय प्राथमिक भाषण प्रतियोगिता में विद्यालय के नन्हे वक्ता आयांश देवता, कक्षा-IV ने मेरे सपनों का भारत विषय पर प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी का दिल जीत लिया।

रंगोली, मेहंदी, चित्रकला स्पर्धा का आयोजन

रायगढ़। जिले में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला, रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिताओं के साथ कला संबंधी गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में बालिकाओं ने अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से आकर्षक चित्र, रंग-बिरंगी रंगोलियां और सुंदर मेहंदी डिजाइनों की प्रस्तुति दी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं को अपनी प्रतिभा निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

श्रमिक की बेटी को उच्च शिक्षा के लिए मिली सहायता

रायगढ़। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना से ग्राम कछार निवासी पायल साहू को आगे की पढ़ाई के लिए आर्थिक संबल मिला है। पंजीकृत निर्माण श्रमिक ज्योति साहू की बेटी पायल को योजना के तहत 20 हजार रुपए की एकमुश्त सहायता राशि प्रदान की गई है।

1 हजार 153 मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर

रायगढ़। जिले में कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे, इसके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले के सभी 1 हजार 153 मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि मतदाता सूची में नाम की जांच कर सकते हैं।

सौराष्ट्र के खिलाफ मैच, एकेडमी के सक्षम का वीनू मांकड़ ट्राफी में चयन

ओपी जिंदल क्रिकेट एकेडमी से प्रशिक्षित राहुल का रणजी ट्राफी स्पर्धा के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिंदल पावर तमनार द्वारा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने के लिए ओपी जिंदल क्रिकेट एकेडमी का संचालन किया जा रहा है। यहां प्रशिक्षण से खिलाड़ियों को अलग अलग प्लेटफार्म में खेलने का मौका मिल रहा है। ओपी जिंदल क्रिकेट एकेडमी घरघोड़ा से नियमित रूप से प्रशिक्षण लेने वाले राहुल प्रधान का चयन छत्तीसगढ़ रणजी टीम के लिए हुआ है। राहुल प्रधान अभी गुजरात में चल रहे रणजी ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की ओर से खेल रहे हैं। प्रतियोगिता के तीसरे दिन उन्हें बैटिंग का मौका मिला। आठवें नंबर पर आकर उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की और भारतीय क्रिकेट टीम के आल राउंडर रविंद्र जडेजा और जयदेव उनदकट जैसे गेंदबाजों का सामना करते हुए नाबाद 41 रन बनाए।

जिंदल पावर तमनार न सिर्फ सामाजिक उत्तरदायित्वों के तहत क्षेत्र के गांवों में विकास के काम करा रहा है, बल्कि विभिन्न खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर रहा है। क्रिकेट भारत के सबसे लोकप्रिय खेलों में शामिल है। जिंदल फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल के निर्देश व उनके नेतृत्व में खेल के क्षेत्र में भी काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिंदल फाउंडेशन द्वारा घरघोड़ा में ओपी जिंदल क्रिकेट एकेडमी का संचालन किया जा रहा है। यहां क्षेत्र के खिलाड़ियों को क्रिकेट की बारीकियों से अवगत करा कर उन्हें बड़े मंचों के लिए निखारने का काम किया जा रहा है। इसका परिणाम भी दिखने लगा है। एकेडमी के कई खिलाड़ियों का चयन अलग अलग स्तर पर हो चुका है। बड़ी उपलब्धि भी ओपी जिंदल एकेडमी के नाम जुड़ गई है। इस एकेडमी से प्रषिक्षित राहुल प्रधान का चयन रणजी ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की टीम में हुआ है।जिंदल फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल ने ओपी जिंदल क्रिकेट एकेडमी के दोनों खिलाड़ियों के चयन होने पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने अपने आफिशियल सोशल मीडिया साइट में दोनों खिलाड़ियों का फोटो शेयर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है तथा यह प्रतिबद्धता दोहराई है कि जिंदल फाउंडेशन प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए हमेषा काम करता रहेगा।

दोनों खिलाड़ियों का चयन जिले के लिए गर्व का अवसर





39.42 की औसत से बनाए नाबाद 41 रन

रणजी ट्राफी का पहला मैच छत्तीसगढ़ और सौराष्ट्र के बीच खेला जा रहा है। चार दिनों के इस मैच में टास छत्तीसगढ़ के कप्तान ने जीता और बालिंग करने का निर्णय लिया। सौराष्ट्र के खिलाफ बैटिंग का मौका राहुल प्रधान को तीसरे दिन मिला। इस मौके का राहुल ने भरपूर फायदा उठाया। आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 104 गेंदों में 41 रनों की नाबाद पारी खेली। रविंद्र जडेजा जैसे बालर के सामने एकाग्रता के साथ बल्लेबाजी करना बांए हाथ के बैट्समैन राहुल की बल्लेबाजी कौशल को प्रदर्शित करता है। ओपी जिंदल क्रिकेट एकेडमी घरघोड़ा की एक और उपलब्धि है। यहां के खिलाड़ी सक्षम चैबे का चयन वीनू मांकड़ ट्राफी के लिए हुआ है। सक्षम लेफ्ट हैंड बालर हैं और अंडर 19 में बिलासपुर की ओर से खेलते हैं।



उद्यानिकी महाविद्यालय कुनकुरी में मना दीक्षारंभ समारोह

जशपुरनगर। महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग के अंतर्गत संचालित उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुनकुरी जशपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दो सप्ताह तक चलने वाले दीक्षारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ 12 अक्टूबर सोमवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ जॉनसन लकड़ा ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उद्यानिकी शिक्षा, अनुशासन एवं महाविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इनकी रही उपस्थिति- इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. दयासागर, डॉ. दीपक जायसवाल, डॉ. शशि लकड़ा, डॉ. नूपुर जायसवाल, डॉ. कृष्णा गुप्ता, डॉ. नीरज जायसवाल, रवि कुमार एवं सुश्री प्रतीक्षा भगत उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन महाविद्यालय परिवार की ओर से किया गया। उल्लेखनीय है कि यह दीक्षारंभ कार्यक्रम 12 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से सायं 4:30 बजे तक आईटीआई बिल्डिंग सालियाटोली स्थित महाविद्यालय परिसर में संचालित होगा।



एनटीपीसी ने किया फलदार पौधा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण सुरक्षा को मजबूत करने, टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एनटीपीसी लारा ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व सीएसआर के अंतर्गत पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को ताजे फल एवं पोषणयुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के साथ-साथ हरित पर्यावरण को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय किसानों को पपीता, सहजन, नींबू और आम के पौधे वितरित किए गए। इसका उद्देश्य किसानों को अपने घरों में पोषण वाटिका विकसित करने के लिए प्रेरित करना है, ताकि परिवारों को ताजे फल एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ आसानी से उपलब्ध हो सकें। इससे आहार में विविधता बढ़ाने, पोषण स्तर में सुधार लाने और घरेलू स्तर पर पोषण संबंधी आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में एनटीपीसी लारा के परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर एवं एजीएम मानव संसाधन जाकिर खान सहित स्थानीय सरपंच और ग्रामीण उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की सहभागिता ने ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों के महत्व को रेखांकित किया। इस पहल की एक प्रमुख विशेषता कृषि विज्ञान केंद्र केवीके, रायगढ़ के साथ सहयोग है। केंद्र द्वारा किसानों को पौधों के उचित रोपण, देखभाल और कृषि संबंधी सहायता प्रदान की जाएगी।

स्कूलों के समीप तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर संयुक्त कार्रवाई

जशपुरनगर। नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशन एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में तहसील पत्थलगांव के बागबहार क्षेत्र में औषधि निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार की ओर से संयुक्त कार्रवाई की गई। इस दौरान स्कूलों के 100 गज के दायरे में स्थित पान ठेलों एवं किराना दुकानों में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पाए जाने पर तंबाकू उत्पाद जब्त किए गए। सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 की धारा 6(ख) के अनुसार, किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित है। उक्त अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इसके साथ ही पत्थलगांव स्थित छह मेडिकल स्टोर्स बंसल मेडिकल, लक्ष्मी मेडिकल, गोयल मेडिकल एजेंसी, पटेल मेडिकल, अग्रोहा मेडिकल स्टोर्स, न्यू चंद्रहासिनी मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी मेडिकल स्टोर्स नियमानुसार संचालित पाए गए। इसके अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पत्थलगांव के ब्लड स्टोरेज सेंटर एवं औषधि भंडार गृह का भी निरीक्षण किया गया। औषधि भंडार गृह में सीजीएमएससी से प्राप्त एवं स्थानीय क्रय के माध्यम से खरीदी गई दवाइयों को अलग-अलग रैक में व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही, एक्सपायरी दवाइयों को नियमानुसार पृथक रैक में रखने के लिए निर्देशित किया गया।



सेवा संकल्प अभियान 2026- बिहान योजना से सशक्त हुईं महिलाएं

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बिहान योजना ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बन रही है। स्व सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आजीविका के नए अवसर अपना रही हैं और आर्थिक रूप से मजबूत बनकर परिवार की खुशहाली में योगदान दे रही है।

इसी की प्रेरक मिसाल कांसाबेल विकासखंड के ग्राम टांगरगांव की संज्योति चैहान हैं, जो बैंक सखी के रूप में ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ स्वयं भी आत्मनिर्भर बनी हैं। वे चांदनी स्व सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला, जिससे उन्हें आजीविका के नए अवसर विकसित करने में मदद मिली।

संज्योति चैहान वर्ष 2019 से ग्रामीण बैंक से संबद्ध बैंक सखी के रूप में कार्य कर रही हैं। वे किराना दुकान का संचालन करने के साथ ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाएं भी प्रदान करती हैं। उनके माध्यम से प्रतिमाह लगभग 8 से 9 लाख रुपये का लेन-देन होता है, जिससे उन्हें औसतन 5 हजार रुपये की मासिक आय प्राप्त होती है। इसके अलावा वे डिजिटल भुगतान, बीमा सहित अन्य वित्तीय सेवाओं के माध्यम से ग्रामीणों को सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं।

बैंक सखी के रूप में कार्य शुरू करने के लिए श्रीमति चैहान ने स्व सहायता समूह के माध्यम से 68 हजार रुपये का ऋण लिया था। इस आर्थिक सहयोग से उन्हें अपना काम शुरू करने में मदद मिली। आज वे बैंकिंग सेवाओं और किराना दुकान के माध्यम से आय अर्जित कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं और सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर रही हैं। संज्योति चैहान की सफलता बताती है कि स्व सहायता समूहों और शासन की योजनाओं से मिलने वाला सहयोग ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका के नए रास्ते खोल सकता है। उनकी यह उपलब्धि अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने और आर्थिक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने इस अवसर के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।



कागजों पर दौड़ रहा रायगढ़ का रेशम उद्योग

पुसौर। रायगढ़ जिले के घरघोड़ा, आमापाली, हाटी, बर्रा, कुडुमकेला, धरमजयगढ़ सहित कई रेशम केंद्रों की स्थिति अब सरकारी इमारत से ज्यादा कुछ नहीं रह गई है। जिला कार्यालय से सूचना के अधिकार में मिली जानकारी के अनुसार इन केंद्रों में सामग्री की खरीदी हुई, मजदूर काम कर रहे हैं और भुगतान भी हुआ, लेकिन जब इन्हीं केंद्रों पर पहुंचे तो न मजदूर मिले न अधिकारी। सिर्फ चौकीदार मिले जो बताते हैं कि एक अधिकारी के पास 4.5 केंद्रों का चार्ज है, वे सप्ताह में एक दिन आते हैं।

वहीं धरमजयगढ़ व घरघोड़ा रेशम केन्द्र के बाहर ताला लटका हुआ मिला। बर्रा रेशम केन्द्र में लगे हुए बोर्ड केवल टीना है, उसमें कुछ भी लिखा हुआ नहीं है। सूचना बोर्ड ऐसे कि अक्षर मिट चुके हैं। बमुश्किल रेशम शब्द पढ़ा जा सकता है। स्थानीय लोग खुलकर कह रहे हैं कि इन केंद्रों का इस्तेमाल अब पिकनिक और शासकीय जमीन बचाने के अलावा कुछ नहीं हो रहा। नए जिला रेशम अधिकारी के आने के बाद से यह स्थिति निर्मित हुआ है। छत्तीसगढ़ सरकार ने रेशम को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताकर करोड़ों खर्च किए। मकसद था आदिवासी और ग्रामीण परिवारों को स्वरोजगार देना। आरटीआई में दर्शा, गए मजदूर सामग्री और भुगतान के आंकड़े अगर जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाते तो ये सीधे सीधे शासकीय राशि के दुरुपयोग और गलत जानकारी देने का मामला बनता है।

सेजेस स्कूल जशपुर में पालक-शिक्षक बैठक

जशपुर। जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम माध्यमिक शाला जशपुर में प्रधान पाठक के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में छात्रों के शैक्षणिक स्तर में सुधार, समय पर शाला आगमन और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। विद्यार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य और व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के लिए अभिभावकों को विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया गया।

घर पर बच्चों द्वारा टेलीविजन और मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग को नियंत्रित करने तथा उनका केवल शैक्षणिक एवं रचनात्मक कार्यों के लिए सदुपयोग कराने हेतु पालकों को प्रेरित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृति परीक्षा पालकों को बताया गया कि छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर 2026 है तथा इसकी परीक्षा 12 दिसंबर 2026 को आयोजित होगी। गौ विज्ञान परीक्षा इसके अतिरिक्त आगामी गौ विज्ञान परीक्षा के आयोजन और इसमें विद्यार्थियों की सहभागिता को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।



प्रधान पाठक ने पालकों से अपील की कि, बच्चों का मार्गदर्शन उनका भविष्य और सुधार करेगा कार्यक्रम को व्यवस्थित करने में सेजेस जशपुर के सभी स्टाफ का सहयोग रहा। पालकों की सक्रिय सहभागिता और सुझावों के साथ बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

मुख्यमंत्री की संवेदनशील पहल से बुजुर्ग को मिली ट्रायसाइकिल

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील पहल से जरूरतमंदों को त्वरित सहायता मिल रही है। इसी कड़ी में जिले के फरसाबहार तहसील क्षेत्र के ग्राम लावाकेरा निवासी 72 वर्षीय दिव्यांग अभिमन्यु सिंह को सीएम कैम्प कार्यालय बगिया में तत्काल सहायता प्रदान की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लावाकेरा निवासी अभिमन्यु सिंह पिता जनार्दन सिंह, उम्र 72 वर्ष, चलने-फिरने में असमर्थ थे। अपनी परेशानी लेकर वे सीएम कैम्प कार्यालय बगिया पहुंचे और सहायता के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्हें तत्काल बैटरी चलित ट्रायसाइकिल प्रदान की गई। बैटरी चलित ट्रायसाइकिल मिलने से अभिमन्यु सिंह को आवागमन में सुविधा मिलेगी और वे पहले की अपेक्षा अधिक आसानी से अपने दैनिक कार्य कर सकेंगे। जरूरत के समय मिली इस सहायता से उन्हें बड़ी राहत मिली है। अभिमन्यु सिंह ने त्वरित सहायता के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। सीएम कैम्प कार्यालय बगिया के माध्यम से जरूरतमंदों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर उन्हें राहत पहुंचाने की पहल जरूरतमंद लोगों के लिए सहारा बन रही है।



सीधे जुड़ेगा केवड़ाबाड़ी चौक से कबीर चौक

रिंग रोड, केनाल लिंक रोड पूरा करने 7 महीने का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर ने निगम के अधिकारियों को सात महीने का अल्टीमेटम दिया है। इस बीच आंतरिक रिंग रोड, कैनाल लिंक रोड, और मरीन ड्राइव का निर्माण पूरा करना होगा। इसके लिए मंगलवार को कलेक्टर ने चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कैनाल लिंक रोड, नालंदा परिसर के सामने केलो नदी पर निर्माणाधीन बैराज तथा प्रगति नगर में सड़क निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

कलेक्टर ने सर्वप्रथम कैनाल लिंक रोड का निरीक्षण किया। इसे मई 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया। इस सड़क के निर्माण से केवड़ाबाड़ी चौक से मरीन ड्राइव तक सीधी कनेक्टिविटी स्थापित होगी। इससे शहरवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। कैनाल लिंक रोड के निर्माण के तहत चांदनी चौक ब्रिज के नीचे बॉक्स कल्वर्ट का निर्माण किया जाना है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य के दौरान यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्यों को व्यवस्थित तरीके से पूरा करने पर जोर दिया।



बैराज का निरीक्षण

कलेक्टर ने नालंदा परिसर के सामने केलो नदी पर निर्माणाधीन बैराज का निरीक्षण किया। जल संसाधन विभाग द्वारा केलो नदी पर तीन स्टॉप डेम एवं बैराज का निर्माण किया जा रहा है। इन संरचनाओं के निर्माण से नदी में पानी का ठहराव रहेगा और जल संरक्षण को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। निर्माण कार्यों को जून 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे वर्षभर जल उपलब्धता बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी।

प्रगति नगर का जायजा

कलेक्टर ने प्रगतिनगर में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा से पहले कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस सड़क का निर्माण जून 2027 से पहले पूर्ण कर यातायात शुरू करने का लक्ष्य है। सड़क के तैयार होने से क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिलेगी।

